**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4113**
**शुक्रवार, 19मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# ब्लू इकोनॉमी पॉलिसी

**4113 श्री टी.आर.बालू:**
**श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:**
**श्री बिद्‌युत बरन महतो:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**श्री सुनील कुमार सिंह:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री प्रताप सिम्हा:**
**कुमारी प्रतिमा भौमिक:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणें:**
**श्री भगवंत खुबा:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार देश में प्रचुर समुद्र संसाधनों का लाभ लेने के लिए ब्लू इकोनॉमी पॉलिसी लाने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;
(ख) क्या सरकार ने भारत के लिए ड्राफ्ट ब्लू इकोनॉमी नीति तैयार की है और विभिन्न हितधारकों से सुझाव और इनपुट आमंत्रित किए हैं;
(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा विभिन्न हितधारकों से अब तक प्राप्त सुझावों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने इन सभी सुझावों की जांच की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मसौदा नीति को कब तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है; और
(ङ) भारत की जीडीपी में नीली अर्थव्यवस्था का क्या संभावित योगदान है और उक्त नीति को अंतिम रूप देने पर इसके किस सीमा तक बढ़ने की संभावना है?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(हर्ष वर्धन .डॉ)**

(क) जी, हां। भारत की समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था पर एक ड्राफ्ट नीतिगत रूपरेखा तैयार की गई है। इस ड्राफ्ट समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था नीतिगत रूपरेखा में समुद्र तटीय क्षेत्रों के संपोषीय विकास हेतु समुद्री डॉमेन (सजीव, निर्जीव संसाधन, पर्यटन, समुद्र ऊर्जा, सुरक्षा आदि) के सभी क्षेत्रों के ईष्टतम उपयोग की अभिकल्पना की गई है। इस नीति प्रलेख में समुद्री अर्थव्यवस्था हेतु राष्ट्रीय लेखांकन रूपरेखा तथा महासागर प्रशासन, समुद्र तटीय स्थानिक नियोजन तथा पर्यटन प्राथमिकता, समुद्र में मछली पकड़ना, एक्वाकल्चर तथा मत्स्य संसाधन, मैन्युफैक्चरिंग, उभरते हुए उद्योग, व्यापार, प्रौद्योगिकी, सेवा एवं कौशल विकास, लॉजिस्टिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं शिपिंग, तटवर्ती तथा गहरा सागर खनन एवं ऑफशोर ऊर्जा एवं सुरक्षा, रणनीतिक आयाम एवं अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्ध के बारे में प्रमुख अनुशंसाएं वर्णित हैं।

(ख) जी, हां।

(ग) चूंकि सुझाव एवं टिप्पणियां प्रदान करने की अंतिम तारीख 31मार्च 2021 है, अत: इस पर विचार करते हुए सुझावों एवं टिप्पणियों को अभी संकलित नहीं किया गया है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था, जिसमें समुद्री संसाधनों पर निर्भर आर्थिक गतिविधियां शामिल हैं, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में अनुमानित रूप से इनकी हिस्सेदारी 4.1 प्रतिशत है। समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था नीति को अंतिम रूप दिए जाने से भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में किस स्तर तक योगदान मिलेगा, इसका अभी आकलन नहीं किया गया है।

*****